**खबर संक्षेप**

### शासकीय आवास गृह आवंटन समिति की हुई बैठक



शहडोल। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक कार्यालय में एडीजीपी डी.सी. सागर की अध्यक्षता में सदस्य सुश्री सविता सोहाने, पुलिस उप महानिरीक्षक शहडोल रेंज, कुमार प्रतीक, पुलिस अधीक्षक शहडोल, जितेन्द्र सिंह पंवार, पुलिस अधीक्षक अनूपपुर एवं प्रतिपाल सिंह महोबिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमरिया की उपस्थिति में जोनल पुलिस स्थापना बोर्ड की एवं जिला मुख्यालय शहडोल में स्थित पुलिस विभाग के शासकीय आवास गृह आवंटन समिति की बैठक सफलतापूर्वक सम्पन्न की गई।

### नानी ने बच्चे को दागा, मौत



शहडोल। संभाग से सटे उमरिया जिले की पाली थाना क्षेत्र के बंधवा खुर्द निवासी राजन बैगा का पीआइसीयू में इलाज चल रहा था, इसकी उम्र महज डेढ माह ही थी। जब एक माह पहले इस बच्चे की हालत निमोनिया के कारण बिगड़ी थी, तब इसके पिता हर्षलाल ने बकेली गांव में जाकर इसे दगवा दिया था, इस बालक को लगातार झटके आना सहित संक्रमण भी हो गया था। 21 दिसंबर से लगातार इसका इलाज जिला अस्पताल के पीआइसीयू में चल रहा था। बच्चे का जन्म मां के मायके बकेली में ही हुआ था, बच्चे की नानी ने ही उसे दगवाया था। निमोनिया के कारण इस बच्चे को इलाज के लिए लाया गया था और इसके पेट में पहले से दागने के निशान भी मिले। इलाज चल रहा था पर हालत में सुधार न हुआ और संक्रमण ज्यादा फैल जाने के कारण 29 दिसम्बर को उसकी मौत हो गई।

### सरपंच कप क्रिकेट मैच का ग्राम पिनौरा में हुआ शुभारंभ



नौरोजाबाद। उमरिया जिले के जनपद पंचायत करकेली अंतर्गत ग्राम पिनौरा में सरपंच कप क्रिकेट मैच का शुभारंभ हुआ, कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम पंचायत की सरपंच अहिल्या द्विवेदी के द्वारा भारत माता के तैल्य चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। उक्त कार्यक्रम के अवसर पर ग्राम पंचायत पिनौरा की सरपंच अहिल्या द्विवेदी ने उपस्थिति खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग खेल चाहे जो भी खेले, हमेशा खेल भावना के साथ खेले, खेल खेलने से शरीर का बौद्धिक और मानसिक विकास होता है। उल्लेखनीय है कि सरपंच कप क्रिकेट मैच का शुभारंभ शनिवार से किया गया है जिसका समापन 6 जनवरी को होगा। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी मंडल नौरोजाबाद के अध्यक्ष योगेश द्विवेदी, पुरुषोत्तम दुबे, विशंभर द्विवेदी, निकेश चतुर्वेदी, अमोल कोल, सुनील कोल, रामप्रसाद राय, राकेश नापित, अभिलाष खंडेलवाल, रमेश बर्मन के साथ सैकड़ो क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे।

**अमलाई-बुढ़ार से लेकर शहडोल-ब्यौहारी तक सड़क पर जांच का दिखावा**

# मुद्दा छोड़ शेष बसों की जांच के कोरम में जुटे जिम्मेदार



शहडोल। गुना बस हादसे के बाद शहडोल की पुलिस अचानक सक्रिय हो गई, सभी थाना क्षेत्रों सहित खुद कप्तान और एडीजीपी सडक पर आ गये, खड़ी बसों की जांच हुई, हाईवे पर हर थानों ने जांच शुरू कर दी, लेकिन टूरिस्ट परमिट पर मजदूरों को ठूस-ठूसकर दौड़ रही बसों के इर्द-गिर्द कोई जिम्मेदार नहीं पहुंच पा रहा है, शायद इन बसों के भी हादसे का प्रशासन को इंतजार है।



## टूरिस्ट परमिट पर दौड़ रही बसों के इर्द-गिर्द भी नहीं पहुंची वर्दी

### पुलिस तो जागी, लेकिन परिवहन विभाग सिर्फ अवैध वसूली में व्यस्त



बीते दो महीने से शहडोल व अनूपपुर से होकर टूरिस्ट के परमिट पर यात्री बसें छत्तीसगढ़ से होती हुई उत्तरप्रदेश जाती हैं, मीडिया में लगातार यह मामला सुर्खिया बटोर रहा है, लेकिन पुलिस और परिवहन विभाग के जिम्मेदार इन अवैध बसों से दूरी बनाये हुए हैं, बीते सप्ताह गुना में हुए बस हादसे के बाद जब पूरे प्रदेश में जांच का कोरम शुरू हुआ तो, शहडोल पुलिस भी पीछे नहीं रही। शुक्रवार को खड़ी बसों की जांच की गई और शनिवार से अमलाई से लेकर बुढ़ार, शहडोल, जयसिंहनगर, ब्यौहारी व अन्य थाना क्षेत्रों में पुलिस की टीम सडक़ पर नजर आई। जुर्माने का डंडा भी चला, लेकिन इस बात का भी ख्याल रखा गया कि जांच अभियान टूरिस्ट बसों से कोसों दूर रहे। मजे की बात तो यह है कि पुलिस ने तो कोरम पूरा करने की दिशा में कदम बढ़ाये, लेकिन बसों को परमिट जारी करने, निरीक्षण करने और राजस्व वसूलने की जिम्मेदारी निभाने वाला परिवहन विभाग इतने बड़े हादसे के बाद भी कोरम पूरा करने तक के लिए नजर नही आया।

### यह हुआ शुक्रवार को

गुना बस हादसे के बाद शहड़ोल पुलिस रेंज एडीजीपी डी.सी. सागर, एसपी कुमार प्रतीक सहित जिला प्रशासन की ओर से प्रभारी कलकेटर राजेश कुमार जैन ने संयुक्त रूप से बस स्टैण्ड शहडोल का भ्रमण करते हुए बसों का औचक निरीक्षण किया, बसों की फिटनेस, बीमा सर्टिफिकेट, आपातकालीन दरवाजे, अग्निशमन यंत्र, फर्स्ट-एड बॉक्स, प्रदूषण सर्टिफिकेट, ड्रायवरों की निर्धारित वर्दी आदि की जांच की गई। पुलिस द्वारा लगभग 21 बसों के दस्तावेजों की जांच की गई एवं बसों का निरीक्षण किया गया, जिसमें से 10 बसों में निर्धारित मापदंडो के अनुरूप कमियां पायी गई। जिस पर उक्त बसों पर चालानी कार्यवाही की जाकर 16 हजार 500 रुपये समन शुल्क वसूल किया गया, बस संचालकों एवं बस ड्राइवरों को कड़ाईपूर्वक निर्देशित किया गया है कि यातायात नियमों का पालन आवश्यक रूप से करेंगे एवं उल्लंघन करते पाये जाने पर उनके विरूद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

### इन बसों पर भी ध्यान दें साहब

टूरिस्ट परमिट पर मजदूर ढो रही बसों की संख्या 2 दर्जन से अधिक बताई गई है, जिसमें मो. साकिब की बस क्रमांक सीजी 15 डीडब्ल्यू 5879 कवर्धा से लखनऊ व सीजी 15 डीडब्लयू 5869 भी कवर्धा से लखनऊ दौड़ती है, इसी बस मालिक की सीजी 15 डीडब्लयू 5868 क्रमांक बस बिलासपुर से कानपुर, मो. नावेद की सीजी 15 डीडब्लयू 5878 बिलासपुर से कानपुर, इसी बस मालिक की सीजी 15 डीडब्लयू 5853 अमलिया से सूरत, वहीं नावेद की ही एक अन्य बस सीजी 15 डीडब्लयू 5866 भी अमलिया से सूरत के अलावा नफीस ट्रांसपोर्ट की सीजी 15 डीएक्स 3920 चिरमिरी से खागा, नफीस की ही बस क्रमांक सीजी 15 डीएक्स 3922 बेमेतरा से लखनऊ दौड़ रही है, कांकेर रोडवेज दुर्ग की बस क्रमांक सीजी 19 बीके 7200 जबलपुर से हैदराबाद, कांकेर की ही बस क्रमांक सीजी 04 एनए 7778 भी जबलपुर से हैदराबाद के अलावा इसी रोडवेज की इसी रोड पर बस क्रमांक सीजी 04 एनए 7767, सीजी 19 बीजे 8882, सीजी 19 बीजे 8838 सभी जबलपुर से हैदराबाद, नरेश बस सर्विस रायपुर की 4 बसें जिनमें से दो रायपुर से इलाहाबाद और 2 फैसाबाद दौड़ रही हैं। मो. अब्दुल राशिद की बस क्रमांक यूपी 65 जेटी 8715 चिरमिरी से खागा, रमेश कुमार यादव की यूपी 70 एचटी 9162 बिलासपुर से इलाहाबाद, पुष्पराज बस सर्विस की यूपी 70 जेटी 3923 बिलासपुर से इलाहाबाद, इसी बस सर्विस की बस क्रमांक यूपी 70 जेटी 9947 बिलासपुर से लखनऊ के अलावा उत्तरप्रदेश के प्रतापगढ़ से संजय सिंह की दो बसें बिलासपुर से सुल्तानपुर, नीरज राय की दो बसें बिलासपुर से इलाहाबाद और राजधानी बस सर्विस के हसन खान की दो बसें बिलासपुर से इलाहाबाद दौड़ रही हैं।

### यात्री भुगतेंगे खामियाजा

मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 88 (9) के तहत पर्यटन परमिट प्राप्त कर 88 (8) के तहत कांट्रेक्ट कैरिज का रिजर्व परमिट प्राप्त कर लगभग बसें नियमित रूप से छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश व उत्तरप्रदेश में सवारियां ढो रही है, अनूपपुर और शहडोल के परिवहन अधिकारियों के साथ ही कबीर चबूतरा अमरकंटक, रामनगर झिरिया टोला व खूंटाटोला वेंकटनगर, सोहागी बैरियर तथा इन जिलों के यातायात पुलिस के मुखिया सभी खुलकर अधिनियम का उल्लंघन और लाखों की कर चोरी कर रहे मोटर मालिकों के सहभागी बन रहे हैं। पूर्व में ऐसी बसें हादसों का शिकार भी हुई है, यदि आने वाले दिनों में कोई हादसा होता है तो, उसका खामियाजा यात्रियों का भुगतना पड़ेगा और अधिकारी फिर एक बार पल्ला झाड़ लेंगे।

## गोल्ड मेडल से नवाजे गये प्रशांत, राज्यपाल ने किया सम्मानित



**शहडोल**। पं. शंभूनाथ शुक्ल विश्व विद्यालय के छात्र प्रशांत मिश्रा को महामहीम मंगू भाई पटेल के द्वारा विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सम्मानित किया गया, जिले के ग्राम हर्री, पोस्ट धुरवार में रहने वाले चंद्र प्रकाश मिश्रा-अर्पणा मिश्रा दंपत्ति के पुत्र प्रशांत मिश्रा को एम.ए. इतिहास ग्रुप में उच्चतम अंक प्राप्त करने के लिए गोल्ड मेडल हेतु चयनित किया गया, श्री मिश्रा के चयन पर मित्रों और शुभचिंतकों ने बधाईयां दी हैं, आदिवासी ग्राम में रहकर शिक्षा जगत के श्रेष्ठ सम्मान को पाने वाले प्रशांत मिश्रा बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि के लिए क्षेत्र में अपनी अलग छाप छोड़ चुके हैं। शुक्रवार को मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल पं. शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति रामशंकर तिवारी, संसदीय क्षेत्र की सांसद हिमाद्री सिंह और जैतपुर विधायक जयसिंह मरावी, जयसिंहनगर विधायक श्रीमती मनीषा सिंह के द्वारा मंच पर सम्मानित किया गया।

## सिंधी समाज बुढ़ार-धनपुरी के दौलत निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

**बुढ़ार**। पूज्य सिंधी पंचायत बुढ़ार-धनपुरी की आवश्यक बैठक शुक्रवार को सिंधी धर्मशाला बुढ़ार में आयोजित की गई, जिसमें समाज के आधा सैकड़ा से अधिक प्रबुद्धजन व पूर्व पदाधिकारी उपस्थित थे, बैठक में पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष के लिए चर्चा की गई और पूर्व अध्यक्ष दौलत राम मनवानी को आगामी एक वर्ष के लिए पुनः निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। इस दौरान दौलत मनवानी आने वाले दिनों में पंचायत के सदस्यों से चर्चा कर पूरी समिति का विस्तार करेंगे, साथ ही युवा और अन्य समितियों का भी गठन किया जायेगा। गौरतलब है कि दौलत मनवानी कोयलांचल में बीते ढ़ाई से तीन दशकों से सामाजिक और राजनैतिक कार्यो में बढ़-चढक़र अपनी भूमिका निभाते रहे हैं। धनपुरी नगर



पालिका के पूर्व पार्षद और भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री के रूप में श्री मनवानी लंबी पारी खेल चुके हैं, श्री मनवानी के निर्विरोध रूप से दोबारा समाज का अध्यक्ष चुने जाने पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश विश्नानी, प्रकाश कृष्णानी, श्रीचंद मोटवानी, प्रकाश मंगलानी, राजेश आहूजा, अर्जुन दास नाथानी, बल्लू विश्नानी, लक्ष्मण दास चंदानी, यश तलरेजा, संजू चांदवानी, जवाहर जसवानी, गुरूदास बजाज, ओम प्रकाश डोडानी, संजू डोडवानी, जयराम दास तलरेजा, महेश पंजवानी सहित सिंधी समाज अमलाई से संतोष छगानी, कैलाश लालवानी, अजय वाधवानी, संजय ओटवानी, पवन चीनी आदि ने बधाईयों के साथ उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## माता-पिता सहित बेटी आई करंट की चपेट में

### जंगल में पुलिस व एंबुलेंस कर्मचारी ने रेस्क्यू कर बचाई जान

**शहडोल**। माता-पिता के साथ 20 वर्षीय बेटी करंट की चपेट में आने से गंभीर घायल हुए है, परिवार लकड़ी तलाश कर जंगल से वापस लौट रहा था तभी शिकारियों द्वारा लगाए गए करंट की चपेट में आने से तीनों लोग गंभीर घायल हो गए। घटना जैतपुर थाना क्षेत्र के गाड़ातराई जंगल की है। घायल बेटी ने मोबाइल से मामले की जानकारी पुलिस की डायल 100 के साथ-साथ 108 को दी, दोनों ही वाहन मौके पर पहुंच कर जंगल से रेस्क्यू कर तीनों घायलों को अस्पताल लाकर भर्ती कराया है। यह सब करने में एक घण्टे का समय लगा। पुलिस ने बताया कि गाड़ातराई के जंगल में माता-पिता एवं उसकी 20 वर्षीय बेटी जंगल से लकड़ी लेकर वापस लौट रहे थे, तभी जंगल में बिजली के पोल से जीआईतार के माध्यम से करीब 01 किलोमीटर करंट फैलाया गया था। जिसकी चपेट में तीनों लोग आ गए और गंभीर घायल हो गए। घायल बेटी ने हिम्मत से कम लिया और मामले की जानकारी पुलिस सहित 108 एंबुलेंस को दी। मामले की जानकारी लगते ही पुलिस एवं 108 एम्बुलेंस घायलों के घर पहुंच गए, इसके बाद दोबारा कॉलर को फोन कर उसकी लोकेशन लेकर जंगल में तीनों घायलों को टीम ने तलाशा और जंगल में पहले करंट की तार को हटाते हुए तीनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। थाना प्रभारी का कहना है कि जंगल लकड़ी तलाश कर परिवार वापस लौट रहा था तभी करंट की चपेट में आया है, यह करंट जंगली जानवर को मारने के लिए शिकारियों द्वारा लगाया गया था। 100 डायल को मामले की जानकारी लगी थी, साथ



ही साथ 108 को भी मामले की खबर दी गई थी, घटनास्थल दोनों टीम पहुंची थी घायलों को जंगल में तलाशने में कुछ दिक्कतें आई, लेकिन तीनों घायलों को जंगल में टीम के द्वारा तलाश लिया और 108 के माध्यम से केशवाही अस्पताल लाया, जहां डॉक्टर ने घायलों को अनूपपुर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। घायलों में सुखई पाव उम्र 50 वर्ष एवं उसकी पत्नी मुन्नी बाई तथा बेटी सुखबरिया पाव निवासी बचरबार शामिल है। 108 एंबुलेंस में तैनात कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें जो लोकेशन मिली थी उसके आधार में वह घायलों के घर पहुंच गए, लेकिन वहां कुछ नहीं मिला, जिसके बाद दोबारा कॉलर को फोन किया गया और पुलिस की डायल हंड्रेड के साथ-साथ 108 एंबुलेंस दोबारा जंगल की ओर निकल पड़ी, तभी 108 एंबुलेंस में तैनात कर्मचारी भी करंट की चपेट में आने से बच गए और किसी तरीके से रेस्क्यू कर तीनों घायलों को 108 एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल लाया गया है।

### घर से निकला बेटा वापस नहीं लौटा, माता-पिता ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**मानपुर**। गुमशुद्दा बिहारी लाल बैगा पिता बदन बैगा उम्र 40 वर्ष निवासी मानपुर नगर परिषद के है जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट मानपुर थाना में फरियादी के द्वारा 21 दिसम्बर को दर्ज कराई गई थी, जो की गुमशुदा का घर पत्तिहाई टोला मानपुर में है, सूचनाकर्ता कुनाबाई बैगा पति बदन बैगा उम्र 62 वर्ष निवासी बरबसपुर थाना में आकर सूचना दी की मेरा बेटा बिहारी लाल बैगा पिता बदन बैगा उम्र 40 वर्ष अपनी पत्नी बच्चों के साथ पत्तिहाई टोला में घर बना कर रहता है, मेरी बहू चन्नी बाई बैगा मजदूरी करने व गन्ना काटने नरसिंहपुर गई है, घर में मेरा लड़का बिहारी लाल अकेला था, जो 21 दिसम्बर को सुबह 11 बजे घर से बिना बताए कहीं चला गया है और शाम तक घर नहीं आया, लड़के की पता तलाश आसपास रिश्तेदार में किया गया, वहां उसका कोई पता नहीं चला, लड़के की लंबाई करीब 5 फीट 10 इंच, रंग सांवला, लाल रंग की शर्ट व काले रंग का पेंट पहना हुआ है जिस किसी भी सज्जन को मिले कृपया कर 7223002600 पर सूचना देने का कष्ट करें।

## भाजपा की जीत का पूरा श्रेय भाजपा कार्यकर्ताओं को जाता है : कमल

**शहडोल**। भारतीय जनता पार्टी की महत्वपूर्ण बैठक 30 दिसंबर को भाजपा कार्यालय में भाजपा जिला अध्यक्ष कमल प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। भारतीय जनता पार्टी की यह एक सूक्ष्म जिला कार्य समिति की बैठक थी। बैठक का शुभारंभ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उनके समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। मंच संचालन करते हुए भाजपा महामंत्री ने केन्द्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश नेतृत्व द्वारा जारी आगामी कार्य योजना के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया, साथ ही विकसित संकल्प भारत यात्रा के विषय में चर्चा करते हुए सहप्रभारियों को यात्रा के सफल क्रियान्वयन हेतु दिशा निर्देश दिए । भारतीय जनता पार्टी के महामंत्री मनोज सिंह आर्मा ने बैठक में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के बारे में विस्तार से बताया इस योजना के तहत प्रत्येक पात्र परिवार के एक सदस्य को स्वरोजगार से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। इस योजना के माध्यम से आमजन को किस प्रकार से लाभ दिलवाया जा सकता है उसके लिए भाजपा कार्यकर्ता जरूरतमंदों का चयन करने उन्हें लाभ दिलाने का पूरा प्रयास करें और अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का लाभ दिलावें। जिला महामंत्री दीपक शर्मा ने जिले के तीनों विधानसभा में भाजपा की प्रचंड जीत का श्रेय भाजपा की केंद्रीय नेतृत्व प्रदेश नेतृत्व एवं भाजपा जिला अध्यक्ष शहडोल सहित भाजपा की पूरी टीम को दिया भाजपा केंद्रीय नेतृत्व के आभार प्रस्ताव को रखते हुए दीपक शर्मा ने कहा कि केन्द्रीय नेतृत्व द्वारा दिए गए 51 प्रतिशत मत के लक्ष्य को प्राप्त करने का पूरा प्रयास किया गया और इसमें सफलता भी प्राप्त की गई। नरेंद्र मोदी की गारंटी पर जनता का विश्वास दिखा जिसका परिणाम मध्य प्रदेश में भाजपा के प्रतिनिधि से दिखाई देता है।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष कमल प्रताप सिंह ने कहा कि भाजपा की जीत का पूरा श्रेय भाजपा कार्यकर्ताओं को जाता है कार्यकर्ताओं की बदौलत ही पार्टी इतनी मजबूत स्थिति में पहुंच सकी है। आभार प्रस्ताव का समर्थन भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश तिवारी एवं भूपेन्द्र मिश्रा द्वारा किया गया।

जिलाध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए डबल इंजन सरकार के कार्यों को जन-जन तक पहुंच कर लोकसभा में भाजपा की प्रचंड जीत के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को प्रयास



करना होगा। लोकसभा चुनाव में भाजपा के मत प्रतिशत को और बढ़ाना है इसके लिए अभियान चलाया जाए । विकसित भारत एंबेसडर बनाने के लिए अभियान चला कर नए लोगों को नमो ऐप से जोड़े नमो मित्र, नमो वारियर्स बनाने के लिए कार्य को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि चार-चार लोकसभा का एक क्लस्टर बनाया जायेगा, प्रत्येक क्लस्टर का एक प्रभारी बनाया जाएगा जिसे लोकसभा स्तरीय प्रबंधन समिति बनाई जाएगी। ऐसी प्रबंधन समिति विधानसभा में भी बनेगी। बूथ स्तरीय विश्लेषण कार्यक्रम भी आगामी दिनों में होगा, प्रत्येक बूथ का बारीकी से परीक्षण किया जाएगा। लोकसभा के क्लस्टरों में कार्यकर्ता सम्मेलन में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का आगमन संभावित है। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान रामलला के विराजमान होने के दिन प्रत्येक व्यक्ति तो अयोध्या नहीं पहुँच सकता है इसलिए अपने नजदीकी मंदिर को उस दिन अयोध्या धाम की तरह सजाएं और वहां पूजा-पाठ और भंडारे का आयोजन करें इसमें भाजपा कार्यकर्ता प्रमुख रूप से सहभागिता करें। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, शीतल पोद्दार, भूपेंद्र मिश्रा, राकेश तिवारी, जिला महामंत्री संतोष लोहानी, दीपक शर्मा, मनोज सिंह आर्मो, जिला मंत्री प्रकाश नारायण शुक्ला, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष मनोज गुप्ता, कार्यालय मंत्री संतोष मिश्रा, धर्मेंद्र शुक्ला, रमाशंकर कुशवाहा, रविन्द्र वर्मा, रिक्की विश्वकर्मा, विनोद गुप्ता, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष निभा गुप्ता, मीना कुशवाहा, सुनीता तर्किहार, जिला सह मीडिया प्रभारी सुनील मिश्रा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री संतोष लोहानी ने किया एवं आभार भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह जी ने किया उक्त बैठक की जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट द्वारा दी गई।

## विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग ने किया एक दिवसीय भ्रमण

**शहडोल**। विगत दिवस प.एस. एन. शुक्ला विश्वविद्यालय के शैक्षणिक पाठ्यक्रम को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय के शैक्षणिक गतिविधियों के अंतर्गत एम.ए. प्रथम सेमेस्टर एवं बी.ए. अंतिम वर्ष भूगोल के विद्यार्थियों को एक दिवसीय भोगोलिक भ्रमण के लिए सरफा डैम ले जाया गया। भौगोलिक भ्रमण में छात्रों ने सरफा डैम के आसपास का भौगोलिक परिवेश जिसमें वहां पर उपस्थित विभिन्न चट्टानें, जलवायु, मिट्टी एवं नदी के द्वारा निर्मित भूआकृर्ती, विभिन्न शैलों का अपक्षय एवं अपरदन की क्रिया के बारे में छात्रों ने विभिन्न भौगोलिक जानकारियाँ एकत्रित की, जिससे उन्हें भूगोल का प्रयोगिक एवं व्यवहारिक परिदृश्य देखने को मिला। नदी तंत्र प्रवाह, प्रवाहित जल द्वारा विभिन्न क्रियाएँ जैसे अपरदन, परिवहन एवं निक्षेपण, अपक्षय



एवं प्रवाहित जल द्वारा बनाए गए विभिन्न स्थल आकृतियों का अध्ययन किया गया। सरफा डैम के निकट ही वाटर ट्रीटमेंट प्लांट इकाई स्थित है। इस प्लांट द्वारा सरफा नदी के जल को पीने योग्य बनाया जाता है जिसके लिए नदी के जल को विभिन्न प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है जैसे उसमे पोटेश एलम का मिश्रण किया जाता हे जिससे पनि मे उपस्थित सभी तरह के अवांछित अशुद्धियाँ हट जाती हे इसके पश्चात ब्लीचिंग का उपयोग करके उसमे पाये जाने वाले अवांछित बेकटेरिया को भी हटाया जाता है, रोजाना 7 एमएलडी पीने योग्य पानी नगर पालिका क्षेत्र में पहुंचाया जाता है। भूगोल विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सुनीता वाथरे ने बस रवानगी एवं शुभकामनायें प्रेषित की। भूगोल विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. सौरभ शिवा, डॉ. मुनीश सिंह नेगी, अतिथि विद्वान दिलीप मिश्रा,अजय पटेल एवं लैब इंस्ट्रक्टर दीपेश पारस के मार्गदर्शन मे छात्र एवं छात्राओं का भौगोलिक भ्रमण सम्पन्न हुआ।

## खबर संक्षेप

### विभिन्न शासकीय योजनाओं के माध्यम से 168 हितग्राहियों को किया गया लाभान्वित



**उमरिया।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से नगर परिषद नौरोजाबाद के राम लीला मैदान में आयोजित कार्यक्रम में 168 हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओ के हितलाभ का वितरण किया गया, जिसमे पीएम स्व निधि के 13, मुख्यमंत्री जन कल्याण सम्बल योजना के तहत 7 हितग्राहियों को सहायता राशि का वितरण, एक व्यक्ति को अंत्येष्टि सहायता, उज्वला योजना के 10 हितग्राही, पेंशन के 9 हितग्राही, पीएम आवास योजना के तहत 61 हितग्राहियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किश्त का वितरण, लक्ष्मी योजना के 4 हितग्राहियों को, आयुष्मान योजना के 3 हितग्राहियों को, स्वरोजगार योजना के एक हितग्राही को, पशु पालन विभाग द्वारा 23 हितग्राहियों को बैक यार्ड कुक्कुट प्रदाय योजना का लाभ, 6 हितग्राहियों को कड़कनाथ चूजे का वितरण सहित आदि योजनाओं का लाभ वितरित किया गया। इसके साथ ही शिविर में 11 हितग्राहियों द्वारा नवीन आयुष्मान कार्ड हेतु आवेदन किया गया। इसी तरह 5 हितग्राहियों द्वारा भवन सनिर्माण कर्मकार मंडल योजना के तहत आवेदन किया गया। शिविर में 20 रोगियों की जांच कर निःशुल्क दवाई का वितरण किया गया।

### जन को जन योजनाओं से लाभान्वित करने लगाये गये स्टाल



**उमरिया।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत नगर परिषद नौरोजाबाद के राम लीला मैदान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, राजस्व विभाग, मध्यप्रदेश जल निगम, स्वास्थ्य विभाग, उज्वला योजना, जन जातीय कार्य विभाग, आयुष विभाग, उद्यानिकी विभाग, पशु पालन विभाग, उद्योग विभाग एवं स्टेट बैंक द्वारा बीमा योजना से सम्बंधित स्टाल लगाए गए एवं योजनाओ की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में कृषि विभाग व्दारा ड्रोन का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर उपसंचालक कृषि ने बताया कि ड्रोन के माध्यम से आसानी से कीटनाशक दवाईयों एवं उवर्रक का छिड़काव खेतो मे किया जा सकता है।

### विभिन्न योजनाओं के हितलाभ का किया गया वितरण



**उमरिया।** नगर पालिका परिषद पाली के स्कूल ग्राउंड में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान विभिन्न योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को वितरित किये गए। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग, आयुष विभाग,सामाजिक न्याय विभाग, शिक्षा विभाग, जल जीवन मिशन सहित अन्य विभागों के द्वारा अपने विभाग से संबंधित योजनाओं के स्टाल लगाए गए एवं योजनाओं की जानकारी दी।

### कॉलरी कर्मचारी के मिलने से क्षेत्र मे सनसनी

**बिजुरी।** जिले के बिजुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत कोरजा रोड में सुबह नगर के लोग जब टहलने निकले तो कुछ लोगो ने देखा कि सड़क के किनारे एक शव पडा हुआ था जो बिजुरी कालरी का कर्मचारी बताया जा रहा है। म्रतक का नाम किशन कश्यप उम्र 43 वर्ष का बताया गया जिसके बाद बिजुरी पुलिस को सूचना दी गई सूचना पर बिजुरी पुलिस मौके पर पहुच कर मौका पंचनामा कर शव को पी.एम के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिजुरी भेजा गया जिसके बाद शव का पी एम कर शव को परिजनों को सौपा गया बिजुरी पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुटी है।



**बिना मुरूम, रेत खदान बन रही पंचायतों में ग्रेवल रोड, सीसी सड़क**

# ...तो अवैध उत्खनन-भ्रष्टाचार के लिए प्रशासन जिम्मेदार

जनपद पंचायत सोहागपुर का भ्रष्टाचार दिनोदिन अनियंत्रित होता जा रहा है, लेकिन जिला प्रशासन और जनपद सीईओ आंखो में पट्टी बांधे बैठे हैं। मुद्दे की बात यह है कि कलेक्टर और सीईओ जिला पंचायत ने प्रशासन में कसावट लाने और अनुशासन बनाए रखने का कर्तव्य त्याग दिया है।





**शहडोल।** संभाग मुख्यालय की सोहागपुर जनपद, भ्रष्टाचार के दलदल में दिनोदिन डूबती जा रही है, लेकिन उस पर अंकुश लगाने की जरूरत नहीं समझी जा रही है। विभागों के आला अफसरान पंचायतों के भ्रष्ट अफसरों की जांच पड़ताल कर कार्रवाई करने की बजाय उनका मजे से सिर सहला रहे हैं। पंचायतों में शासकीय प्रावधानों के परखच्चे उड़ाए जा रहे हैं। बजट का मनमाना उपयोग किया जा रहा है, लेकिन उसकी न मॉनीटरिंग होती और न उस पर आपत्ति लगाई जाती है। समीपी ग्रामपंचायत नरवार का हाल कुछ इसी तरह का है। यहां सरपंच, सचिव व एसडीओ, सबइंजीनियर नियमविरुद्ध निर्माण कार्य करा रहे हैं। यहां 50 लाख की लागत से अमृत सरोवर तालाब का निर्माण एक ऐसी जगह कर दिया गया, जहां मुरुम की अधिकता थी और तालाब खतरे मे पड़ गया। पौध रोपण तो हुआ पर आधे से ज्यादा सूख गया। सीईओ, उपयंत्री, एसडीओ तथा सचिव ही पूरी पंचायत के भाग्य विधाता बने बैठे हैं।

### अवैध खदानों से आई मुरूम

गांव से इस तालाब तक आने के लिए ग्रेवल रोड स्वीकृत की गई थी। सडक निर्माण के लिए लाखों रुपए की मुरुम खरीदी गई थी। इस मुरुम का पूरा उपयोग दर्शा कर लाखों रुपए आहरित कर लिए गए हैं, जबकि मौके पर देखा जा सकता है कि ग्रेवल रोड का निर्माण आज भी अधूरा पड़ा है। भुगतान हो जाने के बाद यह देखने की जरूरत किसी ने नहीं समझा कि भुगतान किस तरह किया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि जिले में जब कहीं मुरुम की खदान ही नहीं है तो फिर इतनी बड़ी मात्रा में मुरुम कहां से लाई जा रही है। निश्चित ही अवैध खदानों से चोरी करके ही लाई जा रहीं होगी। इसका भुगतान तो हो गया लेकिन शासन को इस गौण खनिज का कोई राजस्व नहीं मिला।

### खनिज विभाग भी है जिम्मेदार

मुरुम की सप्लाई सरेआम चल रही है, खनिज विभाग को जानकारी है कि हर पंचायत में ग्रेवल रोड आदि के निर्माण के लिए बड़ी मात्रा में मुरुम का उपयोग हो रहा है, लेकिन पूरे जिले में मुरुम की खदान नहीं है। निश्चित ही अवैध खदानों से ही मुरुम लाई जाती होगी। खनिज विभाग इस बात को तश्दीक करने की कोशिश कभी नहीं करता कि आखिर मुरुम का उत्खनन कहां से किया जा रहा है। यदि विभाग पता करे और मौके पर दबिश डालने का प्रयास करे तो मुरुम की कई अवैध खदाने पकड़ी और कार्रवाई के बाद बंद कराई जा सकतीं हैं। मुरुम एक गौण खनिज है जिसके अवैध दोहन को रोकना उसे संरक्षण प्रदान करना खनिज विभाग की पहली जिम्मेदारी है। विभाग ने कभी अपनी इस जिम्मेदारी का निर्वाह नहीं किया।

### इन कार्यों में भी भर्रा

कुछ और भी कार्य ऐसे हैं जो गुणवत्ताविहीन हैं और लम्बा समय बीत जाने के बाद भी अधूरे हैं। कुंवरसेझा में ही सरजू नाला के समीप एक अन्य अमृत तालाब 19 लाख की लागत से बनाया जा रहा था। लेकिन घटिया निर्माण के बाद भी काम पूरा नहीं हुआ, इसके निर्माण की अवधि भी बीत चुकी है। नरवार में मुख्य मार्ग से पंचायत भवन तक सीसी रोड बनाई गई है, जब सडक का निर्माण किया गया, उस दौरान रेत की खदान बंद थी, सीसी रोड का काम चलने के दौरान, जिम्मेदारों को देखने की फुर्सत नहीं मिली कि जब रेत की खदाने बंद हैं तो फिर सप्लाई कहां से आ रही है, निश्चित ही निर्माण कार्य के दौरान चोरी की रेत का उपयोग हुआ, लेकिन वर्तमान में जिले का पूरा अमला निरंकुश हो चुका है, उसे शासन को मिलने वाले राजस्व से कोई सरोकार नहीं रह गया है।

### रख-रखाव के अभाव में सूखे पौधे

ग्राम पंचायत ने कुंवरसेझा अंतर्गत पेरउहा नाला के समीप आस-पास 8 एकड़ शासकीय भू-खण्ड के बीच में 50 लाख की लागत से अमृत सरोवर तालाब का निर्माण कराया था। इस तालाब का निर्माण करने के लिए अधिकारियों ने शासकीय भूमि तलाशी और ऐसी जगह निर्माण करा दिया जहां मुरुम की अधिकता थी और भूमि तालाब निर्माण के योग्य नहीं थी। अधिकारियों ने जल्दबाजी में निर्माण कार्य पूर्ण करने के लिए इस जगह को चयनित कर लिया। ग्रामीणों का कहना है कि भले ही सरोवर का निर्माण किया गया हो, लेकिन गलत जगह निर्माण होने से तालाब का भराव और उसका जीवनकाल दोनो ही संकटापन्न हो गया है। इससे किसानों को कोई खास लाभ नहीं होगा। इसके अलावा तालाब के ही आस-पास काफी संख्या में पौधे रोपे गए थे, लेकिन रखरखाव बिना कई तो सूख गए और कई सूखने की कगार पर हैं। जबकि यहां पौधों के रखरखाव के लिए एक चौकीदार रखा जाना था।

# हर वर्ग के लिए संचालित है शासन की योजना : नपाध्यक्ष

**विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत नगर पालिक परिषद पाली कार्यक्रम सम्पन्न**

**उमरिया।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत नगर पालिका परिषद पाली के स्कूल ग्राउंड में शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला प्रधान, एसडीएम पाली टी.आर. नाग, मुख्य नगर पालिका अधिकारी पाली भूपेंद्र सिंह, डॉ. जैन, डॉ. नामदेव, प्रकाश पालीवाल, पार्षद गण सहित नगरवासी उपस्थित रहे।

शकुंतला प्रधान ने कहा कि एक छत के नीचे सभी योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को मिल सके, इसी उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन नगर से लेकर ग्राम स्तर तक किया जा रहा है। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा जनता के हित मे योजनाओ का संचालन किया जा रहा है। इसका लाभ सभी जन उठाये। विकसित भारत संकल्प यात्रा का संकल्प है कि हर योजना का लाभ पात्र लोगो तक पहुँचे। सम्पूर्ण भारत मे प्रधानमंत्री द्वारा चलाई जा रही है। ग्राम पंचायत स्तर, नगर पालिका स्तर पर कार्यक्रम संचालित है। जन हित मे जो कार्य किये जा रहे हैं, योजनाओं का कितना लाभ मिला, पात्र व्यक्ति जो लाभ से वंचित रह गए है , उन्हें लाभ दिया जाए, इस यात्रा की यही मंशा है। आयुष्मान योजना के तहत पांच लाख रुपये तक कि निःशुल्क इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। जल जीवन मिशन योजना के माध्यम से नल से जल उपलब्ध कराया जा रहा है । एसडीएम ने कहा कि सरकार की मंशा है कि आम जनता को शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए भटकना नही पडे उन्हें उनके पंचायत या नगरीय क्षेत्रों में वार्डो में विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से शिविर लगाकर लाभान्वित किया जा रहा है। शिविर स्थल पर विभिन्न विभागों व्दारा स्टालों के माध्यम से योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही मौके पर ही लाभान्वित करने की प्रक्रिया की जाती है। उन्होंने शिविर में उपस्थित आम जनता से आग्रह किया कि वे योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें तथा पात्रता अनुसार स्टालों में जाकर आवेदन करें जिससे उन्हें योजनाओं का त्वरित लाभ दिया जा सके । इस अवसर पर अन्य जनप्रतिनिधियों व्दारा भी शासन की योजनाओं से मिलने वाले लाभों के संबंध में जानकारी दी गई। शिविर में विभिन्न विभागो के जिला एवं खण्ड स्तरीय अधिकारियों व्दारा विभागीय योजनाओं की जानकारी आम जन को दी गई। कार्यक्रम में भारत सरकार के विकास रथ के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश तथा विकसित होते भारत पर आधारित डाक्यूमेंट्री का भी प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कन्या पूजन करके किया गया।



## टोल प्लाजा के पास नवांकुर संस्था द्वारा राज्य मंत्री का किया गया स्वागत

**कोतमा।** विकास खंड अंतर्गत सेक्टर क्र 4 के बैहटोला टोल प्लाजा के पास नवाकुर संस्था जीएस हितकारिणी समिति और प्रस्फुटन समिति बैहटोला मैनटोला पथरौड़ी के द्वारा दिलीप जायसवाल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार )के प्रथम आगमन पर स्वागत किया गया जिसमे सरपंच श्रीमती कंचन सिंह विकास खंड समन्वयक सारिमन साकेत नवाकुर संस्था प्रतिनिधि ओंकार सिंह मेन्टर्स मो नजीर खान बैहटोला प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष निर्मला सिंह सचिव प्रदीप सिंह क्रमशः मैनटोला से अध्यक्ष राजकुमार सिंह सचिव कमल सिंह पथरौड़ी अध्यक्ष लोकनाथ सिंह तथा सी. एम. सी. एल डी. पी. के छात्र उपस्थिति रहे।



## पौने चार करोड़ रुपए के विकास कार्यों का राज्य मंत्री ने किया भूमि पूजन

**बिजुरी।** कोतमा विधायक एवं राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल ने शनिवार को बिजुरी नगर पालिका क्षेत्र में 3 करोड़ 75 लाख रुपए की लागत से होने वाले तीन सड़कों के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। यह सड़क लंबे समय से जर्जर स्थिति में थी। जिस पर इसके निर्माण की मांग स्थानीय लोगों द्वारा लम्बे समय से की जा रही थी। जिसे देख इस पर संज्ञान लेते हुऐ राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल ने सड़कों का निर्माण कार्य, भूमि पूजन कर प्रारंभ किया। जिसके अंतर्गत बिजुरी स्वागत द्वार से रेलवे ओवर ब्रिज तक डामरीकृत सड़क 2.2 किलोमीटर 98.14 लाख एवं स्वागत द्वार से कुरजा माइंस तक 4 किलोमीटर लागत से 144.89 लाख, व गलईयाटोला से दलदल तिराहे तक डामरी कृत सड़क एवं नाली निर्माण लागत 133 लाख रुपए के कार्य का भूमि पूजन किया। भूमि पूजन के पश्चात राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि नगर विकास के लिए कोई भी कमी किसी भी प्रकार से नहीं आने दी जाएगी। इसके साथ ही नगर के सौंदर्यीकरण के कार्य को प्राथमिकता के साथ कराए जाने की बात भी उनके द्वारा की गयी। इस दौरान महाप्रबंधक एसईसीएल हसदेव क्षेत्र संजय मिश्रा, नगर पालिका अध्यक्ष सहबिन पनिका, उपाध्यक्ष प्रीति सतीश शर्मा पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष सतीश शर्मा, पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष लवकुश शुक्ला, पूर्व भाजपा मण्डल अध्यक्ष मुकेश जैन, सांसद प्रतिनिधि दीपक शर्मा, भाजपा मण्डल अध्यक्ष भूपेन्द्र महरा सहित वार्ड पार्षद एवं नगर वासी उपस्थित रहे।



# आमजन के जीवन को आसान एवं समृद्ध बनाना ही विकसित भारत संकल्प यात्रा का मकसद : पूर्व सांसद





**विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर के माध्यम से आसानी से मिल रहा है योजनाओं का लाभ**

**उमरिया।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आम जीवन को सहज सरल तथा सुविधा मय बनाना चाहते हैं, विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन प्रदेश के सभी ग्राम पंचायतों तथा नगरीय निकायों में शिविरों का आयोजन कर केन्द्र तथा राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। सरकार व्दारा आयुष्मान योजना, उज्वला योजना, प्रधानमंत्री बीमा योजना, निःशुल्क राशन, जल जीवन मिशन के माध्यम से हर घर नल से जल पहुंचाने का काम किया जा रहा है, यह विचार नगर परिषद् नौरोजाबाद व्दारा रामलीला मैदान में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित शिविर को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद ज्ञान सिंह के व्यक्त किये।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मनीष सिंह ने कहा कि सरकार ने जन्म से लेकर मृत्यु तक के लिए योजनाए प्रारंभ कीहै। महिलाओं के लिए लाड़ली बहना योजना, मातृ वंदना योजना, उज्वला योजना, बालिकाओ के लिए लाड़ली लक्ष्मी योजना, बुजुर्गों के लिए मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना, वृद्धवस्था पेंशन योजना, जल जीवन मिशन योजना के तहत हर घर नल से जल सहित अन्य योजनाए संचालित है। जो व्यक्ति योजना का लाभ पाने से वंचित रह गए है, वे स्टॉल के माध्यम से लाभ पाने के लिए आवेदन कर सकते है। योजनाओ का लाभ पाने के लिए कार्यालयों के चक्कर नही लगाना पड़े इस हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से शिविर आयोजित किये जा रहे है, ताकि लोगो का काम बिना किसी परेशानी के हो सके।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित शिविर के माध्यम से आमजनों को आसानी से लाभ प्राप्त हो रहा है। शिविर से जुड़कर सभी जन लाभ उठायें। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार की योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, जो व्यक्ति किसी कारण वश योजना का लाभ पाने से वंचित रह गए है, वे आवेदन करें, और योजनाओं का लाभ लेकर जीवन स्तर को ऊंचा उठाएं। कार्यक्रम का शुभारंभ कन्या पूजन एवं दीप प्रज्वलन करके किया गया।

# अमरकंटक नवोदय में मनाया गया गणित सप्ताह

**गणितज्ञ रामानुजन की स्मृति में किया गया आयोजन**

**अमरकंटक।** विगत दिवस जवाहर नवोदय विद्यालय अमरकंटक जिला अनूपपुर में गणित सप्ताह का शुभारंभ किया गया जिसमें महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन विद्यालय प्राचार्य के द्वारा किया गया इसका आयोजन प्रातः कालीन सभा के दौरान किया गया जिसमें गणित विभाग के शिक्षक डी.एस.सेंगर पी.जी. टी गणित एचपी पटेल टी.जी.टी गणित तथा अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। गणित सप्ताह का आयोजन प्रत्येक वर्ष विद्यालय में किया जाता है ताकि विद्यार्थियों में गणित को लेकर अधिक से अधिक रुचि उत्पन्न हो सके तथा वह गणित के महत्व को समझ सकें। गणित सप्ताह का आयोजन 22 दिसंबर से 28 दिसंबर तक किया गयाइस श्रृंखला में विद्यालय में अनेक गतिविधियों जैसे पहले दिन कक्षावार मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया जिसमें पूरी पूरी कक्षा ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तथा इन खेलों का आनंद लिया। गणित के प्रति विद्यार्थियों के रुझान को बढ़ाने तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिपालन में तथा उसके उद्देश्यों को समाविष्ट करते हुए विद्यालय में खेल तथा कला विषयों को गणित जैसे जटिल विषय के साथ ओरिगेमी तथा पोर्ट्रेट प्रतियोगिता का। आयोजन वरिष्ठ तथा कनिष्ठ दोनों वर्गों में किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी कला का प्रदर्शन बेहद ही रचनात्मक ढंग से किया। इस कड़ी में विद्यालय में गणित रिले रेस 4100 मी का आयोजन किया गया जिसमें प्रत्येक 50 मीटर पर प्रश्न को हल करके प्रतिभागियों ने इस दौड़ को पूरा किया इसमें क्रमशः अरावली तथा शिवालिक सदन प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर रहे गणित सप्ताह के अंतिम दिन कनिष्ठ तथा वरिष्ठ वर्गों के लिए बेहद ही मनोरंजक प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कनिष्ठ वर्ग में शिवालिक सदन तथा वरिष्ठ वर्ग में नीलगिरी सदन विजय रहा। कार्यक्रम का समापन विजयी छात्र- छात्राओं को पुरस्कार तथा प्रमाण पत्र देकर किया गया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन सचिन जाटव टी.जी.टी.अंग्रेजी द्वारा किया गया। इस पूरे सप्ताह के विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान विद्यालय के अन्य शिक्षकों का सहयोग तथा उपस्थिति रही जिनमें मुख्य रूप से डॉ ए के शुक्ला, महेश्वर द्विवेदी, श्रीमती दुर्गेश चंद्रा, श्रीमती आशा पटेल, शेख वाहिद, आशीष कुमार, सुश्री अंबिका राय, श्रीमती संध्या रे, रमेश कुमार नरवरिया, इंद्रजीत पटेल, श्रीमती मंजू मालवीय, सुश्री शुभ जैन उपस्थित रहे।




## विकसित भारत संकल्प यात्रा में नवांकुर संस्था ने की सहभागिता

**जमुना/बदरा।** 29 दिसम्बर को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में नगर विकास प्रस्फुटन समिति पसान नवांकुर संस्था एवं परामर्शदाता शिवानी सिंह के मार्गदर्शन में सहभागिता किया गया जिसमें ग्राम पंचायत पयारी नं02 को ओडीएफ प्लस घोषित किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ग्राम पंचायत प्यारी नंबर 2 में एमएसडब्ल्यू और बीएसडब्ल्यू के छात्रों द्वारा स्वागत गीत एवं हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने में सहयोग किया गया और छात्र दशरथ सिंह कवर को स्वच्छताग्राही के रूप में अच्छे कार्य करने हेतु सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सरपंच माला सिंह, सचिव अंबिका शुक्ला, रोजगार सहायक गोपाल प्रसाद केवट, नवांकुर संस्था कार्यक्रम समन्वयक दशरथ सिंह कंवर ू'स्रि छात्र प्रांशु मिश्रा, स्वाति गुप्ता, अंजली केवट चांदनी नापित एवं अन्य ग्रामीणजन की उपस्थिति रही।



## खबर संक्षेप

### घना कोहरा बना आफत अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर, 2 की मौके पर मौत

**रीवा।** जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग 30 गढ़ थाना अंतर्गत ग्राम अगडाल में गुरुवार शुक्रवार की दरमियानी रात्रि अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार दो युवकों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। बाइक सवार उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिला अंतर्गत कुड़रिया थाना पवारा से मैहर दर्शन के लिए रात 9 बजे के करीच घर से निकले थे एनएच 30 में अगडाल के पास पीछे से किसी अज्ञात वाहन ने उनको कुचल दिया जिससे उनकी मौत हो गई। घटना के बाद सड़क पर जाम लग गया और सूचना डायल हंड्रेड पुलिस तक पहुंची जिसके पुलिस ने दोनों को गंगेव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक हादसे में पवन कुमार पटेल पिता हरीराम पटेल 37 वर्ष व अशोक कुमार चौहान पिता अमरनाथ चौहान दोनों निवासी ग्राम कुड़रिया थाना पवारा जौनपुर के थे। देर रात हुई सड़क दुघर्टना में। बाइक सवार दोनों युवाकों की जान चली गई। बीते कई वर्षो से नेशनल हाईवे रोड में हो रही सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए शासन स्तर से कई प्रयास किए गए। पूर्व में कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक यातायात और परिवहन विभाग की टीम सभी डेंजर प्वाइंट को चिन्हित कर सड़क दुर्घटनाओं को रोकने का फरमान तो जारी किया लेकिन सड़क दुर्घटनाएं अभी भी घटित हो रही हैं।मनगवां से सोहणी तक ऐसे कई कारण है कि छोटी बड़ी सड़क दुर्घटनाएं घटित होती रहती हैं। जानकारों का कहना है कि सड़क निर्माण मानक तरीके से नहीं हुआ है और ताईवे सड़क के डिवाइडर में कई जगह कट लगे हुए हैं जिसकी वजह से सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। इसके साथ ही सड़क किनारे संचालित ढाबे बिना पार्किंग सुविधा संचालित हैं, जिसके चलते भी सड़क दुघर्टना हो रहीं हैं हालकी पुलिस ने शुक्रवार दोनों मृतकों का शव परीक्षण के बाद परिजनों को सौंप दिया है, वहीं मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है।

### तीन माह से वेतन को मोहताज अतिथि शिक्षक

**रीवा।** एक ओर जहां मध्य प्रदेश सरकार अपने लाडली बहनों को घर बैठे 1500, 2500, और 3000 बिना किसी काम दे रही है। वहीं दूसरी और अल्प वेतन में लगातार खड़े होकर पढ़ाने वाली लाडली बहनों एवं भांजो को तीन-तीन माह से वेतन का भुगतान नहीं किया जा रहा है। बताया गया है कि अक्टूबर, नवंबर एवं दिसंबर माह से अतिथि शिक्षकों को वेतन बजट के अभाव में नहीं दिया जा रहा है। कई अतिथि शिक्षक जो की प्राइवेट रूप से अन्य जगह कार्य कर रहे थे अपने परिवार का भरण पोषण करते थे, और उन्हें प्रतिमाह वेतन मिलता था वह उस नौकरी को छोड़कर शासकीय सेवा के लालच में अतिथि शिक्षक बन गए अब उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। आश्चर्य की बात तो यह है कि अतिथि शिक्षक का तीन-तीन माह से वेतन भुगतान नहीं हो रहा और किसी भी वरिष्ठ अधिकारी ने बजट की मांग शासन से नहीं की।

### शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश

**मऊगंज ।** प्रभारी कलेक्टर अशोक कुमार औहरी द्वारा दिनांक 31-12- 2023 को वर्ष की समाप्ति एवं दिनांक 1-1 -2024 को नववर्ष के शुभारंभ के दौरान बहुती जलप्रपात एवं अष्टभुजा धाम के पास देवलहा जलप्रपात नईगढ़ी एवं इसके अतिरिक्त भी नव युवको/ आम नागरिकों का आवागमन एवं भीड़ एकत्रित होने की संभावना है। धार्मिक पर्यटन स्थलों पर संभावित एकत्रित भीड एकत्रित होने की संभावना है। घटना को रोकने के दृष्टिगत से कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक कार्यवाही के निर्देश पुलिस प्रशासन को दिए हैं।

# खट्टी-मीठी यादों और उपलब्धियों के साथ बीता साल

## साल 2023 की विदाई के साथ नव वर्षाभिनन्दन की तैयारी

31 दिसंबर की रात्रि से वर्ष 2023 को विदाई देने के साथ मध्यरात्रि से भोर तक कुछ खट्टी मीठी यादों के साथ नव वर्ष के स्वागत का जश्न मनता रहेगा।






धनपुरी।

1 जनवरी 2024 को भी पूरे दिन उत्साह और उमंग का माहौल रहेगा, मोबाइल एसएमएस का सिलसिला शुरू हो गया घरों में भी सब ने एक दूसरे को बधाई का दौर शुरू होकर कई दिनों तक चलेगा। 1 जनवरी को पर्यटन स्थलों में अच्छी खासी भीड़ रहेगी भागम भाग की जिंदगी से कुछ पल फुर्सत से बिताने के लिए एक खास दिन का लोगों का इंतजार रहता है। राजनीति के उलट पलट के साथ नए साल की शुरुआत इस बार सोमवार को होने के कारण लोग पर्यटन स्थल में पूरे परिवार के साथ जाकर नए वर्ष का लुफ्त उठाएंगे, इसमें अमरकंटक कपिलधारा, दुर्गा धारा, शम्भू धारा,छीरपरपट, लखबरिया देखने को मिलेंगे। लोग धनपुरी के राधा कृष्ण मंदिर, ज्वालामुखी मंदिर, खेर माता मंदिर, ओपीएम मंदिर में मत्था टेककर आशीर्वाद लेगे।

### कोयलाचंल को मिली सौगात

एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र मिला सौगात जो अंतर्गत बटुरा-रामपुर ओपन कॉस्ट कोयला खदान की शुरुआत हो गई है। कोल इंडिया की मिनी रत्न कंपनी वर्षो से लंबित ओपन कॉस्ट कोल माईंस, क्षेत्र के अनुभवी प्रयत्नशील महाप्रबंधक वी श्री कृष्णा मुआवजा राशि वितरण जमीन अधिग्रहित प्रोजेक्ट खुलने की अडचनो को दूर किया यह परियोजना कोयला भंडार 40 साल तक चलेगी सोहागपुर एरिया बड़ी सौगात मिली जो सोहागपुर एरिया को लंबे समय तक जिंदा रखेगी।

### अतीत में खो गईं खदानें

सोहागपुर एरिया की घटती हुई मांइसो संख्या सोहागपुर एरिया कोयला खदान सन 1935 से कोयला उत्पादन के लिए खोले गए थे जो अब बंद हो गए खदानों में से एक नंबर खदान, दो नंबर खदान, तीन नंबर खदान, ओल्ड अमलाई, न्यू अमलाई, ओपीएम इंक्लाइन, बैगा ओसीएम, सुभाष माइंस, रूगटा कालरी, धनपुरी यूजी माइंस, बंद हो चुकी है जो भूली बिसरी यादें शेष रह गई। धनपुरी ओसीएम कोयला उत्पादन के लिए जमीन तलाश करने में जुटी हुई है जमीन आगे न मिलने से संभवतः उक्त खदान भी सोहागपुर एरिया से कम हो जाए और भूली बिसरी यादें रह जाए।

### विशेषज्ञ डॉक्टर का इंतजार हुआ खत्म

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनपुरी में सबसे बड़ी समस्या लेडी डॉक्टर व विशेषज्ञ डॉक्टरो का ना होना लेडी डॉक्टर नियुक्त को लेकर विगत माह नगर पत्रकार परिषद धनपुरी द्वारा प्रमुखता से विशेषज्ञ डॉक्टरों की मांग की गई थी जो मांग पूरी होते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनपुरी में दो डॉक्टर लेडीज जेंट्स की नियुक्ति होने के चलते अब लोगों को भटकना नहीं पड़ेगा अस्पताल में काफी संख्या में लोग स्वास्थ्य सुविधा का लाभ ले रहे हैं।

### शुद्ध पेयजल मिलने की संभावना

धनपुरी नगर क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति पाइप लाइन विस्तार एवं फिल्टर प्लांट हेतु वर्ष 2016 से मुख्यमंत्री पेय जल अधोसंरचना योजना के अंतर्गत पेयजल से जुड़ी समस्या के समाधान हेतु पाइप लाइन विस्तार कई वाडो विस्तार होना बाकी है, पानी टंकी काम लगभग पूरा हो चुका है, फिल्टर प्लांट पूरी तरह से तैयार , वार्डो में पाइप लाइन का विस्तार 75% हो चुका है। दो दशक से नगर वासी शुद्ध पेयजल की आस लगाए बैठे हैं। कार्य प्रगति पर है कब पूरा होगा कोई नहीं जानता शुद्ध पेयजल की आस में लोग बूढ़े हो चले लेकिन नगर पालिका शुद्ध पेयजल की आपूर्ति अभी तक पूरी नहीं कर पाई।

### इकलौता पार्क लग्न मंडप में तब्दील

धनपुरी वार्ड नंबर 2 में नगर पालिका के द्वारा लाखों रुपए खर्च कर बनवाए गए मनोरंजन पार्क आज देखरेख के अभाव में खंडहर हो गए एक ओर जहां पाक की लंबाई चौड़ाई आधी हो गई वही लग्न मंडप में तब्दील पहले जैसे पार्क की रौनक अब शायद कभी लौट कर नही आएगी युगल जोड़ी व बूढ़े सुकून के दो पल व्यतीत करते थे भूली बिसरी यादें बनकर रह गई शायद अब कब लौटेगे और बहुरेंगे वो दिन यादे रह गयी।

### टारगेट पूरा करने में सोहागपुर एरिया होगा सफल

एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र अंतर्गत बिलासपुर हेड क्वार्टर से कोयला उत्पादन टारगेट वर्ष मार्च 20-23,24 तक कोयला टारगेट पूरा करने के लिए महाप्रबंधक वी श्री कृष्णा, उपक्षेत्रीय प्रबंधक खान प्रबंधक आवश्यक बैठक लेकर कोयला उत्पादन से जुड़ी समस्याओं पर पहल करते हुए कमी को पूर्ण करने को कहा कहां गया है। सुहागपुर एरिया को इस वर्ष टारगेट पूरा करेगी वही एरिया पूर्व घाटे को भी बांटने का काम करेगी। अमलाई ओसीएम, बंगवार,खैरहा माइंस,और बटुरा रामपुर खदान अपनी टारगेट पूरा करेंगे बल्कि टारगेट से अधिक कोयल का उत्पादन कर टारगेट पूरा करने में सफल होंगे।

### कब पूरा होगा बस स्टैंड का सपना

नगरी निकाय चुनाव हो या विधानसभा धनपुरी नगर वासियों को बस स्टैंड का सपना सपना बना हुआ है 70 दसक से बना है। सपना आज भी बना हुआ है, यह सपना कौन करेगा पूरा नगरवासी इस चुनाव तो कभी इस चुनाव में करते करते थक गए लेकिन नगर में बस स्टैंड की तलाश पूरी नहीं हो सकी बस स्टैंड विहीन धनपुरी खुले आसमान के नीचे सफर करने को मजबूर भूली बिसरी यादें बनकर रह गऐ वेचारे लाचार नगरवासी अब क्या करें उम्र गिन रहे हैं।

### यादों में बने रहेंगे नगर के प्रतिष्ठित व्यक्तियों को खोया

नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी पूनम सोनी, रमेश अग्रवाल, दिन्नू गुप्ता आदि का जाना लोगों की आंखें नम कर गया इन लोगों की यादें धनपुरी नगर वासियों के मन में सदा बनी रहेंगी।

# आयुक्त निशक्तजन संदीप रजक को केंद्रीय अवार्ड मिलने से हर्ष

बिरसिंहपुर पाली।

एडवोकेट संतोष रजक बिरसिंहपुर पाली एडवोकेट संतोष कुमार रजक शपथ आयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि विगत दिनों दिनों भोपाल में राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपति मुर्मू जी से द्वारा दिव्यांगजन सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय अवार्ड सर्वश्रेष्ठ राज्य दिव्यंका आयुक्त अवार्ड से मध्य प्रदेश के मध्य प्रदेश के आयुक्त निशक्तजन श्री संदीप रजक जी को विज्ञान भवन में सम्मानित किया गया इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री सामाजिक न्याय डॉक्टर वीरेंद्र कुमार केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिभा भौमिक श्री रामदास एट वाले के आर नारायण स्वामी सचिव राजेश अग्रवाल संयुक्त सचिव किशन सुरवाड़े मंच पर मौजूद रहे श्री रजक द्वारा निरंतर दिव्यांग जनों हेतु शिक्षण पुनर्वास स्वरोजगार खेल एवं बाधा रहित वातावरण के साथ ही आईडी कार्ड कार्ड बनाने में देश में सबसे बेहतर कार्य हेतु राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित किया गया जिससे पूरे मध्य प्रदेश के रजक समाज द्वारा उन्हें हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए एडवोकेट संतोष रजक शपथ आयुक्त ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# इंदिरा नगर अमलाई में राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल का भव्य स्वागत

अमलाई।

भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ के तत्वाधान में अटल चुनौती कार्यालय के समीप मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिलीप जायसवाल का भाजपा कार्यकर्ताओं ने आगमन पर भव्य स्वागत किया। राज्य मंत्री का काफिला इंदिरा नगर पहुंचते ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़कर बैंड बाजे एवं माल्यार्पण कर राज्य मंत्री का स्वागत किया। चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक अखिलेश सिंह, राहुल मिश्रा ,जीवन यादव ,विजय तिवारी ने राज्य मंत्री का मुंह मीठा कराकर बधाई दी। भाजपा कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद एवं दिलीप जायसवाल जिंदाबाद के नारों से क्षेत्र को गूंजयमान कर दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता राम नारायण उरमलिया, किसान प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष श्याम नारायण



शुक्ला, मध्य प्रदेश जनजाति आयोग के पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र मरावी, भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष हनुमान गर्ग, वेंकट नगर के मंडल अध्यक्ष विजय सिंह राठौर, किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष राहुल शर्मा, चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष अखिलेश सिंह, भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष शुभम द्विवेदी, वरिष्ठ समाजसेवी मालिक राम तिवारी, अतुल तिवारी, संदीप द्विवेदी ,प्रभाकर उरमलिया, डॉ राज पांडे, सौरभ सिंह ,राजीव तिवारी, राजीव रावत, प्रकाश राय, दीपक कोल, सूर्य सिंह ,दिवाकर द्विवेदी, सुधांशु सिंह, राहुल गुप्ता, सूरज कोल, छबिलाल नापित, राजेश गिरी, प्रिंस सिंह सुभाष तिवारी सहित सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बिना फिटनेस चेक पोस्ट चाकघाट पर बस जप्त और 7 बसों से निकाल कर जप्त की गई सीटें



रीवा।

परिवहन विभाग रीवा द्वारा आज कलेक्टर मऊगंज के आदेशानुसार आरटीओ रीवा के निर्देशन में परिवहन सुरक्षा स्क्वाड रीवा एवं परिवहन चेक पोस्ट हनुमना के स्टाफ ने संयुक्त जाच अभियान चलाया । आज की गई कार्यवाही में परिवहन सुरक्षा स्क्वाड रीवा एवं परिवहन चेक पोस्ट हनुमना ने मऊगंज जिले में संयुक्त चेकिंग अभियान चलाकर 12 बसों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की और बसों का अंदर बाहर से भौतिक रूप से भी परीक्षण किया जिसमें 7 बसों पर आपातकालीन द्वार पर सीटे लगी पाई गई।परिवहन स्टाफ के द्वारा उन लगी हुई सीटों को बसों से निकलवा कर जप्त कर लिया गया और बसों पर चालानी कार्यवाही की गई। यह कार्यवाही मऊगंज हनुमना एवं देवतालाब में की गई।इसके अलावा परिवहन चेक पोस्ट चाकघाट मे भी बसों के विरुद्ध जांच अभियान चलाया गया,बसों की जांच के दौरान एक बस बिना फिटनेस के चलती हुई पाई गई जिसे जप्त कर परिवहन चेक पोस्ट चाकघाट पर खड़ा कराया गया चेक पोस्ट पर चार बसों के चालान भी बनाए गए। परिवहन विभाग द्वारा बसों एवं यात्री वाहनों के विरुद्ध सघन जांच अभियान चलाकर ऐसे वाहनों के ऊपर कार्यवाही की जा रही है जो यात्रियों के लिए असुरक्षित है और मार्ग पर चलने योग्य नहीं है ऐसे वाहनों को विशेष रूप से चिन्हित कर मार्ग से हटाया जाएगा साथ ही बसों पर लगे सभी सुरक्षा मांनको की भी जांच की जा रही है। आरटीओ रीवा के द्वारा बस संगठन से भी बात कर यह बात कही गई है की बसों के सभी सुरक्षा मानकों को सही कर लिया जाए जिससे यात्रियों को बसों में कोई असुविधा न हो और आप भी विभाग की चालानी कार्यवाही से बच सके। आज की कार्वाही से परिवहन विभाग को 73000 रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ ।

## पचमठा धाम धार्मिक पर्यटन का केन्द्र बनेगा - उप मुख्यमंत्री

# पचमठा परिसर के निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराएं





रीवा !

उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने पचमठा धाम में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उप मुख्यमंत्री ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बीहर रिवर फ्रंट योजना के तहत पचमठा परिसर का सौन्दर्यीकरण किया जा रहा है। इसके सभी निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराएं। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। सीसी रोड बनाने तथा पेवर ब्लाक लगाने का कार्य तत्काल शुरू करें। पचमठा आदि गुरू शंकराचार्य जी की विन्ध्य क्षेत्र की यात्रा की स्मृतियाँ संजोये हुए है। इसका धार्मिक रूप से बहुत महत्व है। इस स्थान के विभिन्न निर्माण कार्य पूरे होने के बाद पचमठा धाम धार्मिक पर्यटन का केन्द्र बनेगा। उप मुख्यमंत्री ने वृक्षारोपण, बाउन्ड्रीवाल निर्माण, सड़क निर्माण तथा सौन्दर्यीकरण के कार्यों के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने पचमठा धाम के शिव मंदिर में पूजा-अर्चना की तथा मंदिर के सौन्दर्यीकरण के कार्यों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष श्री व्यंकटेश पाण्डेय, प्रभारी कलेक्टर डॉ सौरभ सोनवणे, आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन, अधीक्षण यंत्री शैलेन्द्र शुक्ला, कार्यपालन यंत्री एसके चतुर्वेदी तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इसके बाद उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने घोघर मोहल्ले में पुराने डाकघर के सामने जल भराव के संबंध में मिली शिकायत का निराकरण करने के लिए मौके पर निरीक्षण किया। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को आवश्यक निर्माण कार्य कराकर जल भराव की समस्या दूर करने के निर्देश दिए।

# जिले के तराई क्षेत्र में धान खरीदी केंद्रों के हाल बेहाल

**वारदाने के अभाव में प्रभावित हुई खरीदी**

**तीन दिनों से ठंड में ठिठुर रहे किसान**

**धृतराष्ट्र की भूमिका में प्रशाशनिक अमला**



रीवा !

शासन द्वारा किसानो की धान को सुचारु रूप से खरीद के लिए धान खरीदी केंद्र खुलवाये गए है, जिससे किसानो को बिना किसी समस्याओ के धान को खरीदा जा सके। लेकिन जिले के तराई क्षेत्र के जवा तहसील अंतर्गत किरहाई बवंधर स्थिति बजरंग बली स्व सहायता समूह खरीदी केंद्र मे 3 दिनों से वारदाने के अभाव मे सैकड़ो ट्रेक्टरों की लम्बी लाइनें लगी हुई है. इस भीषण ठंड मे पिछले तीन दिनों से किसान अपनी धान बेचने को लेकर खुले आसमान के नीचे रात के ठंड मे ठिठुरनें को मजबूर है। केंद्र के शुरू होते ही प्रशासन द्वारा ऊंट के मुंह मे जीरा समान वारदाना भिजवाया गया जो कुछ ही घंटो मे समाप्त हो गया। किसानो नें अपनी पीड़ा जाहिर करते हुए बताया कि बुबाई प्रभावित होने के साथ ही भाड़े पर आये ट्रेक्टरों का किराया भी दोगुना वहन करना पड़ रहा है।खरीदी केंद्र मे सैकड़ो किसानो नें सरकार व प्रशाशन के खिलाफ आक्रोश जाहिर करते हुए समस्या से निजात दिलाने का आग्रह किया।किसानो नें आक्रोश जाहिर करते हुए कहा कि यदि समस्या नही सुधरी तो किसान खरीदी केंद्र के बाहर धरना प्रदर्शन व अनशन करने को बाध्य होंगे।

## उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल राम मंदिर अक्षत कलश यात्रा में हुए शामिल

**रीवा !** अयोध्या में भगवान श्री राम की जन्म भूमि पर भव्य मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। इस मंदिर में 22 जनवरी को भगवान की प्राण-प्रतिष्ठा होगी। भगवान श्रीराम मंदिर के लिए रीवा नगर निगम के वार्ड क्रमांक 22, वार्ड क्रमांक 23 और वार्ड क्रमांक 24 में कलश यात्रा निकाली गई। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कलश यात्रा में शामिल होकर वार्ड का भ्रमण किया। उन्होंने पवित्र नदियों के जल के कलश को शिरोधार्य कर वार्ड में भ्रमण किया। इस अवसर पर श्री शुक्ल ने कहा कि सदियों के बाद भगवान राम जन्मभूमि मंदिर पर विराजमान होंगे। अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के विशेष प्रयासों से इस मंदिर का निर्माण कार्य पूरा हो सका है। भगवान श्रीराम के जन्म स्थान पर मंदिर का निर्माण और भगवान की प्राण-प्रतिष्ठा देश का गौरव बढ़ाएगी। हम सबको अब जन्मभूमि में भगवान श्रीराम के दर्शन का सुअवसर मिलेगा। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण तथा श्रीराम मंदिर अक्षत कलश यात्रा के सहभागी यात्रा एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### समय से 15 मिनट पहले छूटेगी जबलपुर-अंबिकापुर ट्रेन

**अनूपपुर।** ट्रेन नंबर 11265 जबलपुर-अंबिकापुर इंटरसिटी एक्सप्रेस के समय में आज 30 दिसंबर 2023 से जबलपुर से कटनी साउथ तक के समय में परिवर्तन किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार जबलपुर से ट्रेन अपने निर्धारित समय 13.10 के स्थान पर 12.55 पर यानी 15 मिनट पहले जबलपुर से प्रस्थान करेगी। कटनी साउथ से अंबिकापुर तक समय सारणी यथावत रहेगी।उसमें किसी तरह का कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। गाड़ी संख्या 11265 जबलपुर-अम्बिकापुर इण्टरसिटी एक्सप्रेस प्रतिदिन जबलपुर स्टेशन से प्रस्थान समय 12.55 बजे प्रस्थान कर सिहोरा रोड 13.28 बजे कटनी साउथ 14.05 बजे पहुँचेगी। यात्रीगण कृपया रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा एनटीईएस/139 से भी ट्रेन की संशोधित समय सारणी की जानकारी प्राप्त कर सकते है।

### मुख्यमंत्री लांच करेंगे सायबर तहसील मॉड्यूल

**अनूपपुर।** सम्पूर्ण प्रदेश में एक जनवरी 2024 से सायबर तहसील परियोजना लागू की जाएगी। इस संबंध में मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग द्वारा सायबर तहसील मॉड्यूल के उपयोग के संबंध में दिशानिर्देश जारी किए गए हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एक जनवरी 2024 को जिला खरगोन से सायबर तहसील परियोजना को सम्पूर्ण प्रदेश में लांच करेंगे। इस कार्यक्रम की सीएम ईवेंट के माध्यम से वेबकास्टिंग की जाएगी। जिला मुख्यालय एवं तहसील मुख्यालयों पर सीएम वेबकास्ट के माध्यम से सीधा प्रसारण की व्यवस्था सुनिश्चित रहेगी। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगणों को आमंत्रित करने तथा तहसील स्तर पर सभी पटवारियों की अनिवार्य रूप से उपस्थिति के संबंध में निर्देश दिए गए हैं।

### आकस्मिक निरीक्षण कर लिया जायजा



**अनूपपुर।** आशीष वशिष्ठ के निर्देश पर जिले के लगभग 100 आंगनबाड़ी केन्द्रों का विभिन्न विभागों के अधिकारियों को पाँच-पाँच आंगनबाड़ी केन्द्र आवंटित करते हुए आकस्मिक निरीक्षण कराया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने आंगनबाड़ी पहुंचकर आंगनबाड़ी में 3 से 6 वर्ष के दर्ज कुल बच्चों की जानकारी, निरीक्षण के समय उपस्थित बच्चे, नाश?ता तथा भोजन प्रदाय, आंगनबाड़ी केन्द्रों की स्वच्छता तथा महिला बाल विकास केन्द्रों के पर्यवेक्षकों द्वारा निरीक्षण की जानकारी ली गई। निरीक्षणकर्ता अधिकारियों द्वारा आवंटित आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण कर निरीक्षण प्रपत्र में जानकारी प्रस्तुत की गई है।

### शिक्षिका के सेवानिवृत्त होने पर दी गई भावभीनी विदाई



**अनूपपुर।** अनूपपुर संकुल केन्द्र की माध्यमिक कन्या विद्यालय पुरानी बस्ती की वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती डूम्मी पड़वार अपने सेवाकाल पूर्ण कर सेवा निवृत्त होने पर विद्यालय परिवार के द्वारा विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संकुल प्रभारी एचएल बहेलिया की अध्यक्षता में सेवानिवृत्त शिक्षिका मुख्य अतिथि श्रीमती डूम्मी पड़वार का साल श्रीफल से सम्मान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वार्ड 14 की पार्षद श्रीमती कंचन गजेन्द्र सिंह ने कहा कि मैडम शाला एवं बच्चों को अपने परिवार जैसे लगन से सेवा ओर प्यार दिया है, कार्यक्रम अध्यक्ष श्री बहेलिया ने कहा डूम्मी पड़वार बहुत ही अनुशासित लगन शील शिक्षिका के रुप अपना पूर्ण सेवा शानदार रहा है हम सभी सेवानिवृत्त के बाद स्वास्थ्य ओर सुखी जीवन जिएं यही कामना करते हैं। इस अवसर पर बीआरसी जैतहरी विष्णु मिश्रा ने पड़वार मैडम की शालीनता के बच्चों की लोकप्रिय शिक्षिका के रूप में उनके कार्यकाल को सदैव याद किया जाएगा।

# गुना हादसे के बाद सजग हुई पुलिस ने की वाहनों की सघन चेकिंग

## परमिट, फिटनेस, बीमा, ओवर लोडिंग, ओवर स्पीड की जांच जारी

**125 यात्री बसों, 80 चार पहिया वाहनों, 36 ऑटो, 7 मैजिक एवं 87 मोटर सायकल की हुई चेकिंग**

पुलिस मुख्यालय भोपाल के द्वारा राज्य के समस्त जिलों में वाहनों की सघन चेकिंग के निर्देश प्राप्त हुए थे।

अनूपपुर।





इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक शहडोल जोन डी.सी.सागर एवं उप पुलिस महानिरीक्षक शहडोल रेंज सुश्री सविता सोहाने के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक अनूपपुर जितेन्द्र सिंह पवांर के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर शिवकुमार सिंह के नेतृत्व में जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एवं समस्त थाना प्रभारियों के द्वारा संपूर्ण जिला अनूपपुर में संचालित होने वाली यात्री बसों/वाहनों की सघन चेकिंग एवं जांच की जा रही है। इसी अनुक्रम में यात्री बसो/वाहनों के दस्तावेज जैसे रजिस्ट्रेशन, परमीट, बीमा, फिटनेस, प्रदूषण, जीवित लायसेंस, फस्टएड बाक्स, ओवर लोडिंग, ओवर स्पीड, अग्निशमन यंत्र, आकस्मिक द्वार आदि की चैकिंग की गई, यातायात नियमों के विरुद्ध वाहन चलाने वाले एवं नियमित दस्तावेज साथ नहीं होने पर 125 यात्री बसों, 80 चार पहिया वाहनों, 36 ऑटो, 07 मैजिक एवं 87 मोटर सायकल को चेक किया गया। इनमें से यातायात नियमों का उल्लंघन पाये जाने पर 44 वाहनों चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाही करते हुए 31,500/-रु. समन शुल्क वसूल किया गया। साथ ही यात्री बसों के चालक-परिचालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये व बस में समस्त वैध दस्तावेज रखने व क्षमता से अधिक यात्रीयों का परिवहन नहीं करने की समझाइश दी गयी। जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) एवं थाना/चौकी क्षेत्रांतर्गत सघन जांच व चैकिंग में बस संचालकों से बसों को दुरुस्त रखने व सभी वैध दस्तावेज साथ रखने, ओव्हर लोड नहीं चलाने व बस में आवश्यक सुरक्षा उपकरण रखने आदि सम्बधी निर्देश भी दिए गए है। वाहन धारकों को यह भी बताया गया की सभी अपनी बसो के ड्रायवरों/चालकों को हिदायत दें कि बसो की गति नियत्रण में रखे और ओव्हर स्पीड न करें अपनी और यात्रीयों की सुरक्षा का दायित्व आपका है। वाहनों के चेकिंग की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर जितेन्द्र सिंह पवांर के द्वारा जिले के वाहन धारकों से अपील की है कि सभी बड़े वाहनों में जिसमें रजिस्ट्रेशन, परमीट, बीमा, फिटनेस, प्रदूषण, जीवित लायसेंस, फस्टएड बाक्स, अग्निशमन यंत्र एवं आकस्मिक द्वार आदि के बगैर वाहनों का संचालन कतई न करें, जिससे आम नागरिकों व यात्रियों की जान व सुरक्षा दुष्प्रभावित होती है।

### 5 बसों से वसूले गए 5500 रुपये शमन शुल्क

मध्यप्रदेश के परिवहन आयुक्त एवं कलेक्टर अनूपपुर द्वारा यात्री वाहनों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाए जाने के आदेश जारी किए गए हैं। जिसके पालन में 30 दिसम्बर को जिला परिवहन अधिकारी अनूपपुर द्वारा वाहनों के चेकिंग की कार्यवाही की गई। जांच के दौरान वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण, अग्निशमन यंत्र, ड्राईविंग लाइसेंस, मेडिकल किट, नंबर प्लेट आदि की जांच की गई। इस कार्यवाही के दौरान 25 यात्री वाहनों की चेकिंग की गई, जिनमें से 05 बसों से शमन शुल्क 5500 रुपये वसूल किया गया। यात्री वाहनों के विरुद्ध चेकिंग कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

### इधर फ्लाइंग स्कार्ट की अवैध वसूली से नाराज पूर्व मंत्री

फ्लाइंग स्कार्ट प्रभारी मीनाक्षी गोखले की लगातार अवैध वसूली की मिल रही शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मध्यप्रदेश शासन के पूर्व खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री बिसाहूलाल सिंह ने जिला परिवहन अधिकारी से चर्चा कर तत्काल इस तरह की वसूली बंद कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिले में अवैध वसूली कहीं भी नहीं होनी चाहिए। शिकायत मिलने पर मुख्यमंत्री तक शिकायत की जाएगी। उन्होंने कहा कि बेवजह वाहन चालकों को नेशनल हाईवे के पास रोककर परेशान किया जाता है जो अच्छी बात नहीं है। उन्होंने कहा कि अनूपपुर जिले में कोई भी बाहरी वाहन आता है तो उसे परेशान किया जाता है। जिससे जिले की छवि देश,प्रदेश में खराब हो रही है। उन्होंने कहा कि बेवजह किसी भी वाहन को सड़कों पर नहीं रोका जाए एवं वाहन की चेकिंग की जाती है तो चेकिंग करें लेकिन चेकिंग के नाम पर अवैध वसूली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जिला परिवहन अधिकारी को तत्काल इस पर एक्शन लेने के निर्देश दिए।




# श्रमिक की मौत के मामले में 3 अधिकारियों सहित 5 पर मामला दर्ज

**क्रेन से पाइप उतारते समय सिर पर पाइप गिरने से हुई थी कर्मचारी की मौत**

अनूपपुर।

रामनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत आमाड़ाड कोयला खदान में क्रेन से पाइप उतारते समय लापरवाही से हुई दुर्घटना में कर्मचारी की मौत के मामले में रामनगर पुलिस ने एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र के आमाड़ाड कोयला खदान के तीन अधिकारियों सहित दो अन्य के विरुद्ध धारा 304 ए के तहत अपराध दर्ज करते हुए मामले की जांच की जा रही है।

**यह है मामला**-एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र अंतर्गत आमाड़ाड कोयला खदान में 6 अगस्त को मृतक बाल करण पिता चितैया नापित जोकि सीनियर फोरमैन के रूप में कार्यरत था। जिसकी ड्यूटी क्रेन मशीन से ट्रक में पाइप उतारने के लिए उनके साथ ड्यूटी में राजेश शर्मा फोरमैन, शिवकुमार टेंडलमैन तथा प्रीतम दास चौधरी क्रेन ऑपरेटर ड्यूटी पर थे। पाइप उतारने के दौरान पाइप फिसल कर मृतक बालकरण के ऊपर जा गिरा जिसके सर पर गंभीर चोट होने की वजह से उसकी मौत हो गई थी। जिस पर पुलिस के द्वारा मर्ग कायम करते हुए मामले की जांच की जा रही थी।

**तीन अधिकारियों सहित पांच के विरुद्ध अपराध दर्ज**- मामले में रामनगर पुलिस के द्वारा विवेचना के दौरान खान सुरक्षा महानिदेशक कार्यालय धनबाद से पत्राचार करते हुए विभागीय जांच की रिपोर्ट मांगी गई। जांच में अधिकारियों कर्मचारियों की लापरवाही पाई गई। जिसके आधार पर रामनगर पुलिस द्वारा आमाड़ाड कोयला खदान के उप क्षेत्रीय प्रबंधक विपिन कुमार, खान प्रबंधक अनवर सुहैल अंसारी, उपयंत्री विद्युत एवं यांत्रिकी एस बाबू शंकर, फोरमैन राजेश शर्मा एवं क्रेन ऑपरेटर प्रीतम दास चौधरी के लापरवाही पाए जाने पर धारा 304 ए, 34 के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# आजादी के बाद पहली बार कोतमा विधायक को मंत्रीमण्डल में मिली जगह

## राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल के प्रथम जिला आगमन पर जगह-जगह पर हुआ स्वागत

अनूपपुर।




आजादी के बाद पहली बार अनूपपुर जिले के कोतमा विधानसभा से किसी नेता को मंत्री पद का दर्जा मध्य प्रदेश के मंत्रिमंडल में मिला है जिसको लेकर पूरे कोतमा विधानसभा सहित अनूपपुर जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह का वातावरण निर्मित है। प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के द्वारा कोतमा विधायक दिलीप जायसवाल को राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार बनाए जाने के बाद दिलीप जायसवाल का 29 दिसंबर को प्रथम अनूपपुर जिला आगमन पर उनका भाजपा कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह पर आतिशबाजी के साथ फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। 29 दिसंबर को देर शाम अनूपपुर पहुंचे दिलीप जायसवाल का स्वागत श्रीवास्तव मोड अमलई से प्रारंभ किया गया इसके पश्चात चचाई पर परसवार अनूपपुर अंडर ब्रिज के पास भाजपा कार्यालय फुनगा बदरा कोतमा बिजुरी तथा अन्य स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया इसके पश्चात श्री जायसवाल अनूपपुर भाजपा कार्यालय पहुंचे जहां पर उनका भाजपा जिला अध्यक्ष रामदासपुरी एवं उपस्थित भाजपा के सभी वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया भाजपा जिला अध्यक्ष रामदासपुरी ने स्वागत करते हुए कहा कि आजादी के बाद पहली बार अनूपपुर जिले के कोतमा विधानसभा से मंत्री का पद प्रदेश सरकार में प्राप्त हुआ है जो हम सभी के लिए गौरव की बात है और इस निर्णय से सभी कार्यकर्ताओं में हर्ष का वातावरण निर्मित है।

### अनूपपुर को अग्रणी जिला बनना है:- दिलीप जायसवाल

राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिलीप जायसवाल ने भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं के स्वागत अभिनंदन के पश्चात संबोधित करते हुए सभी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के आभार प्रकट किया और कहा कि हम सबको मिलकर जिला, संभाग, प्रदेश को विकास के पथ पर आगे ले जाना है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपेक्षा है। 2047 तक विकसित भारत के रूप में देखना है जहां सड़क, पानी, शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य जैसी समस्याओं का पूरी तरह से निदान हो सके और हर हाथ को कम मिल सके। मोदी जी जो सपना देखते हैं उसे पूरा करते हैं श्री जायसवाल ने अनूपपुर जिले की एक विधानसभा में हुई हर पर दुख व्यक्त करते हुए कहा की हीरा सिंह श्याम हार के बाद भी मंत्री के बराबर है। पूरी कसावट के साथ गुणवत्ता युक्त कार्य हो इसकी चिंता करेंगे। अनूपपुर जिला कैसे अग्रणी बने हम सब मिलकर तय करेंगे ।पार्टी ने जो निर्णय लिया है उसको लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह है, हम कार्यकर्ता की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करेंगे। सरकार की आंख और कान कार्यकर्ता होता है कार्यकर्ताओं से चर्चा कर अधिकारियों से बात करेंगे और कार्यों की समीक्षा की जाएगी। कार्यकर्ताओं श्री जायसवाल ने कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए भव्य स्वागत के प्रति हृदय से आभार प्रकट किया।

### कार्यकर्ताओं में उत्साह- रामलाल रौतेल

भाजपा कार्यालय में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिलीप जायसवाल के स्वागत अभिनंदन के पश्चात श्री जायसवाल प्रदेश के कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री) दर्जा प्राप्त रामलाल रौतेल के निवास पर पहुंचे जहां पर श्री रौतेला एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा उनका गर्म जोशी से स्वागत किया गया। यहां पर श्री रौतेला ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के द्वारा मूल कार्यकर्ता को बड़ी जिम्मेदारी देते हुए राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार की जिम्मेदारी प्रदान की है जिससे भाजपा के सभी मूल कार्यकर्ताओं में उत्सहा का वातावरण निर्मित है उन्होंने दिलीप जायसवाल को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

### बदरा कोतमा बिजुरी में हुआ स्वागत

अनूपपुर में स्वागत के पश्चात बदरा पहुंचे मंत्री दिलीप जायसवाल का भव्य स्वागत नगर पालिका परिषद पसान के अध्यक्ष राम अवध सिंह नगर परिषद डूमर कछार के अध्यक्ष सुनील कुमार चौरसिया और मंडल अध्यक्ष अजय द्विवेदी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह की उपस्थिति में कार्यकर्ताओं द्वारा बदरा तिराहे में भव्य स्वागत किया गया इसके पश्चात श्री जायसवाल का स्वागत कोतमा नगर पालिका तथा भारतीय जनता पार्टी मंडल कोतमा के द्वारा भी कोतमा नगर में भारी आतिशबाजी के साथ स्वागत किया गया देर रात बिजुरी पहुंचे अपने गृह क्षेत्र में भी उनका गर्मजोशी से स्वागत स्थानीय लोगों तथा पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा के जिला महामंत्री अखिलेश द्विवेदी द्वारा किया गया ।उपरोक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह द्वारा दी गई।

# अयोध्या धाम के लिए ट्रेन सुविधा के नाम पर रेलवे की कोरम पूर्ति

## बिलासपुर-कटनी रेल सेक्शन से सिर्फ एक साप्ताहिक ट्रेन,

अनूपपुर।




श्री राम जन्मभूमि अयोध्या के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से केवल एक ट्रेन संचालित है। ट्रेन नंबर 18205 जो की दुर्ग से नौतनवा वाया अयोध्या होकर चलती है। इसके अलावा कोई भी सुविधा रामलला के दर्शन के लिए उपलब्ध नहीं है। अयोध्या में 22 जनवरी को श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा है। इस दिन लाखों श्रद्धालु अयोध्या पहुंचना चाहते हैं, लेकिन साप्ताहिक एकमात्र ट्रेन होने से उसमें आरक्षण मिलना अब टेढ़ी खीर हो चुकी है। हर कोई अयोध्या जाना चाहता है लेकिन उसके लिए एसईसीआर में साप्ताहिक ट्रेन के अलावा कोई सुविधा रेलवे द्वारा प्रदत नहीं की गई है। लोगों ने मांग की है कि रामलला के दर्शन के लिए सभी आतुर है। अच्छा हो कि रेलवे प्रशासन इस ट्रेन की सुविधा नियमित रूप से प्रारंभ कर दे तो निश्चित ही पूरे क्षेत्र के लोग रामलला के प्राण प्रतिष्ठा दर्शन कार्यक्रम में उपस्थित हो सकेंगे। बताया जाता है कि दुर्ग से नौतनवा के लिए चलने वाली ट्रेन में फरवरी 2024 तक स्लीपर से लेकर एसी तक सभी कोच फुल हो चुके हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं को समझ में नहीं आ रहा कि वह अयोध्या जाकर कैसे श्री राम के दर्शन कर पाएंगे। यात्रियों ने रेल मंत्री से मांग की है कि अयोध्या के लिए नियमित ट्रेन प्रारंभ करें एवं अन्य ट्रेन भी अयोध्या होते हुए चलाएं जिससे रामलला के दर्शन लोगों को बिना किसी परेशानी के नसीब होते रहे।वही संभव हो तो चल रही ट्रेन में एक्स्ट्रा कोच लगाए जाए। बताया गया कि अयोध्या जाने के लिए नजदीकी रेलवे स्टेशन प्रयागराज तक के लिए सारनाथ एक्सप्रेस,गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस एवं नौतनवा एक्सप्रेस ही है। जिससे लोगों को निकटतम रेलवे स्टेशन प्रयागराज पहुंचकर अयोध्या के लिए ट्रेन पकड़ना पड़ेगा। जो परेशानियों से भरा सफर होगा। आवश्यकता है बिलासपुर रेल मंडल इसके लिए प्रस्ताव भेजकर रेलवे बोर्ड से अयोध्या के लिए चल रही ट्रेन को नियमित करवाए या फिर कोई नई ट्रेन बिलासपुर-कटनी मार्ग से चलवाई जाए जिससे पूरे रेल क्षेत्र के श्रद्धालु ट्रेन का लाभ उठा सके।

# नगर पालिका के कद्दावर नेता कृष्णानंद द्विवेदी की हुई घर वापसी



**भाजपा कार्यालय मे मंत्रीद्वय ने माला पहनाकर किया स्वागत**

अनूपपुर।

नगर पालिका क्षेत्र के कद्दावर नेता कृष्णानंद द्विवेदी की 29 दिसंबर को भाजपा कार्यालय मे कार्यक्रम का आयोजन कर मध्यप्रदेश शासन के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल के साथ ही कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) रामलाल रौतेल व भाजपा जिलाध्यक्ष रामदास पुरी ने माला पहनाकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवाई। ज्ञात हो कि नगर के कद्दावर नेताओं मे शुमार श्री द्विवेदी ने नगर पालिका अनूपपुर के चुनाव के समय पार्टी से रूष्ट होकर कांग्रेस का दामन थाम लिया था, जिनके द्वारा पार्टी छोड़ने के उपरांत भाजपा मे उनकी कमी खलने लगी थी जिसके बाद कृष्णानंद द्विवेदी की नाराजगी के निदान के बाद 29 दिसंबर को घर वापसी कराई गई। ज्ञात हो कि श्री द्विवेदी नगर पालिका अनूपपुर के बस्ती क्षेत्र के कद्दावर नेताओं मे शुमार हैं जिनके पास बड़ा जनाधार है साथ ही सौम्य, मृदुभाषी व मिलनसार छवि होने के कारण जिला व प्रदेश स्तर के नेताओं से भी उनके गहरे व मृदुल संबंध हैं जिसका फायदा क्षेत्रवासियों को भी मिलता रहा है और यही कारण है कि भाजपा ने बडे नेता को खोने के बाद उनकी घर वापसी के लिए नाराजगी का कारण जाना और उसका निदान किया। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के दौरान मंत्रीद्वय व भाजपा जिलाध्यक्ष के अलावा जिले के कई बडे छोटे नेता मौजूद रहे।